विराट वैभव
नई दिल्ली, बृहस्पतिवार, 02 जुलाई 2020

# दलित चेतना कार्यक्रम आयोजित

**वैभव न्यूज ■ नई दिल्ली**

साहित्य अकादेमी द्वारा अपनी वेबलाइन कार्यक्रम शृंखला के अंतर्गत दलित चेतना कार्यक्रम का ऑनलाइन आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में हिंदी के तीन महत्वपूर्ण कवियों मुसाफिर बैठा, असंगघोष और जयप्रकाश कर्दम ने अपनी कविताओं का पाठ किया। कार्यक्रम का संयोजन अकादेमी में क्षेत्रीय सचिव देवेंद्र कुमार देवेश द्वारा किया गया। उन्होंने अकादेमी के कार्यक्रमों और प्रकाशनों में दलित स्वर की उपस्थिति को रेखांकित करते हुए पिछले साल आरंभ की गई दलित चेतना कार्यक्रम शृंखला की लोकप्रियता के बारे में बताते हुए कहा कि इस शृंखला को ऑनलाइन भी जारी रखने का प्रयास अकादेमी कर रही है। ज्ञात हो कि अकादेमी ने मई महीने से वेबलाइन साहित्य शृंखला के अंतर्गत ऑनलाइन कार्यक्रमों की शुरुआत की है। हर महीने लगभग पांच दर्जन कार्यक्रम विभिन्न भाषाओं में आयोजित किए जा रहे हैं। संताप और जाति जाती नहीं शीर्षक कविताएं सुनाई।